

डिजीटल पत्र

# कांग्रेस दर्पण





दैनिक

पटना, 06 अप्रैल, गुरुवार, 2023


# अडानी की शेल कंपनियों में 20 हजार करोड़ रु किसके हैं? यही सवाल है राहुल गांधी का





आप सच्चाई को किताबों में बदल सकते हैं लेकिन देश के इतिहास को नहीं बदल सकते।

RSS BJP कुछ ऐसा ही करने की कोशिश कर रही है।

लेकिन ये कितनी भी कोशिश कर लें, इतिहास मिटने वाला नहीं है।

: कांग्रेस अध्यक्ष श्री

Mallikarjun Kharge

## राजनीति में विचारधाराओं की लड़ाईः रामपाल बघेल

**बात हिंदू–मुस्लिम की नहीं इस बात को देश के लोगों को समझना होगा खासकर युवाओं को कांग्रेस की विचारधारा ? कॉन्ग्रेस की प्रगतिशील विचारधारा जो निम्न है**

1– देश के लोगों को अधिक से अधिक आजादी और देश के लोगों की पसंद – नापसंद की पूरी छूट देने के लिए हमेशा प्रयासरत रहती है


2 – धर्म – जाति – लिंग – क्षेत्र से ऊपर उठकर देश के सभी नागरिकों को बराबर लाने के लिए हमेशा प्रयास करती रहती है

3 – लोगों की आवश्यकता और समय के अनुसार बदलते हुए देश को हमेशा आगे बढ़ाने के लिए प्रयासरत रहती है

4 – विचारों में मतभेद होने पर भी सहनशीलता और मानव में परस्पर सम्मान रखते हुए विकास और शांति की दिशा में हमेशा आगे बढ़ाती है और देश के लोगों के अधिकारों का पूरा सम्मान करती है

5 – कांग्रेस स्वतंत्रता समानता मानवता भाईचारा धर्मनिरपेक्षता और प्रगतिशील भारत के लिए संघर्ष करती है !

अब फैसला देश की जनता को करना है कि भारत को कौन सी विचारधारा की जरूरत है और कौन सी विचारधारा देश और देश के युवाओं का भविष्य सुरक्षित रख सकती है जय हिंद जय भारत रामपाल बघेल कांग्रेस सेवा दल दिल्ली प्रदेश



# जय भारत सत्याग्रह अभियान के तत्वावधान में कांग्रेस पार्टी बड़े पैमाने पर गतिविधियां बढ़ाएगी

पटना।कांग्रेस दर्पण

देश में लोकतंत्र को पूरी तरह से कुचलकर तानाशाही लागू करने पर आमादा केंद्र की मोदी सरकार तथा भाजपा के खिलाफ कांग्रेस पार्टी का जय भारत सत्याग्रह बड़े पैमाने पर और जोर शोर के साथ व्यापक आंदोलन का रूप ले चुका है। अब बिहार प्रदेश के सभी ब्लॉक तथा जिला में जय भारत सत्याग्रह अभियान के तत्वावधान में कांग्रेस पार्टी बड़े पैमाने पर गतिविधियां बढ़ाएगी।

ये बाते सदाकत आश्रम में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव बिहार कांग्रेस के सह प्रभारी अजय कपूर ने कही। उन्होंने आगे कहा कि देश में भाजपा सरकार एक तरफ तो लोकतंत्र को बुरी तरह से कुचल रही है।वहीं दूसरी तरफ जिन राज्यों में भाजपा सरकार से बाहर है,उन राज्यों को सांप्रदायिक की आग में झोंक देना चाहती है।




रामनवमी के दौरान प्रदेश के दो जिला बिहार शरीफ तथा सासाराम में जो हिंसा भड़की थी। उसकी जांच के लिए कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने दो जांच समितियों का गठन किया था।बिहारशरीफ हिंसा के मामले की जांच के लिए कांग्रेस विधायक दल के नेता अजित शर्मा के नेतृत्व में जांच कमेटी के गठन किया गया था।वहीं सासाराम में हुए हिंसक घटनाओं की जांच के लिए विधानसभा में पार्टी के मुख्य सचेतक राजेश राम के नेतृत्व में जांच कमेटी का गठन किया गया था।

संवाददाताओं को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं विधायक डॉ शकील अहमद खान एवं राजेश कुमार ने कहां कि भाजपा बिहार में जब तक सरकार में शामिल थी,तब तक साम्प्रदायिक हिंसा के मामले सामने नहीं आ रहे थे। अब जैसे ही भाजपा विपक्ष में आई है, आरएसएस,विहिप तथा बजरंग दल के द्वारा सूबे के प्रमुख जिलों में सांप्रदायिक हिंसा की पृष्ठभूमि तैयार की जा रही है।जिसका नतीजा अभी बिहारशरीफ में देखने को मिला। इन नेताओं ने कहा कि बिहारशरीफ में हुई हिंसक घटनाओं के पीछे आरएसएस बजरंग दल के हाथ है।जिसकी बारीकी से जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बिहार शरीफ में हुए दंगों के मामले के जिम्मेदार किसी भी शख्स को बिहार सरकार बख्शने वाली नहीं। कांग्रेस नीतीश सरकार से यह मांग करेगी कि किसी भी धार्मिक जुलूस में हथियारों के प्रदर्शन पर पूर्ण प्रतिबंध लागू हो

संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए विधायक राजेश कुमार ने कहा कि सासाराम में अमित शाह के प्रस्तावित रैली को लेकर सांप्रदायिक हिंसा की जमीन तैयार की गई थी।उन्होंने कहा कि प्रशासन के द्वारा मामले की गहराई से छानबीन की जा रही है। उन्होंने कहा कि बिहार में भाजपा का जनाधार समाप्ति के कगार पर है इसलिए सांप्रदायिक हिंसा के माध्यम से वोटों का ध्रुवीकरण करना चाहती है।

संवाददाता सम्मेलन को विधायक डॉ शकील अहमद खान ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में भय तथा अराजकता का माहौल सोची-समझी राजनीतिक साजिश के तहत बनाया जा रहा है।हालांकि बिहार में कभी भी सांप्रदायिक ताकतों की साजिश सफल नहीं हो सकी है। उन्होंने कहा कि दोनों जिलों को सांप्रदायिकता के आग में झुलसाने का षड्यंत्र रचा गया था।जिसे स्थानीय सभी धर्म तथा वर्ग के लोगों के भाईचारे ने मुकम्मल नहीं होने दिया। बिहार ने हमेशा से आपसे प्रेम तथा भाइचारे की मिसाल पेश की है।

संवाददाता सम्मेलन में कांग्रेस विधायक दल के नेता अजीत शर्मा, विधायक शकील अहमद खान ,राजेश कुमार , विधान पार्षद डॉ समीर कुमार सिंह , ब्रजेश पांडे, मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़ , विधायक संतोष मिश्रा ,आनंद शंकर , नीतू सिंह , पूर्व विधायक लाल बाबू लाल ,आनंद माधव ,ब्रजेश प्रसाद मुनन ,ज्ञान रंजन ,सौरव सिन्हा उपस्थित थे ।

**राजेश राठौड़**
**चैयरमेन मीडिया विभाग**
**बिहार कांग्रेस**

# मोदी सरकार का हर काम, मित्र के नाम

मित्रों को देश लूटने की छूट देने वाली **BJP** सरकार की करतूतों से जैसे-जैसे पर्दा हट रहा है, वैसे-वैसे उसके भ्रष्टाचारी चरित्र से देश की जनता परिचित हो रही है। सत्यवादी हरिश्चंद्र का इकलौता वारिस होने का दिखावा करने वाली सरकार असलियत में नाक तक झूठ और भ्रष्टाचार की गंदगी में डूबी है।

अडानी को बचाने के लिए हर कुकर्म करने पर उतारू सरकार की 'अडानी-प्रेम' की एक और नई झलक देश के सामने है। मामला ये है कि, बीते दिनों मोदी सरकार ने नियम-कानून को ठेंगा दिखाते हुए अडानी को चार कोयला खदानें औने-पौने कीमत पर दे दी है। नियम के मुताबिक, किसी कोयला खदान के आवंटन में कम से कम दो अलग-अलग कंपनियों को बोली लगाना होता है। लेकिन बात प्रधानमंत्री के मित्र की थी, इसलिए नियमों का पालन नहीं किया गया। यहां पहली कंपनी अडानी की थी, तो दूसरी कंपनी भी उन्हीं से जुड़ी हुई थी।

जुड़ी हुई कंपनी कैविल माइनिंग, एडिकार्प इंटरप्राइजेज नाम की अन्य कंपनी की प्रमोटर है, जिस पर अडानी की कंपनी के साथ मिलकर जालसाजी करने का आरोप है। कैविल माइनिंग और एडिकार्प इंटरप्राइजेज गुजरात में एक ही पते पर रजिस्टर्ड हैं और इनका प्रमोटर अडानी का पुराना मित्र है।

वैसे भी, अडानी और प्रधानमंत्री की मित्रता देश पर किस तरह भारी पड़ रही है, यह पूरा देश देख रहा है। सरकार जनता को जमकर लूट रही है और प्रधानमंत्री के मित्र देश को ....। सरकार पूरे दल-बल के साथ अपने लुटेरे मित्रों के साथ खड़ी है।

आप खुद तय कर लीजिए, देश को लूटने वाले देशभक्त हैं या लूट के खिलाफ लड़ने वाले ?



**मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री आदरणीय श्री कमलनाथ जी के निर्देश पर आज राजनिवास #रीवा में पूर्व मंत्री आदरणीय श्री कमलेश्वर पटेल जी की उपस्थिति में चुनाव वचन पत्र संबंधी बैठक में तमाम वरिष्ठ नेताओं के साथ सम्मलित हुआ।**

# स्व0 जगजीवन राम की 116 वीं जयन्ती प्रदेश कांग्रेस कमिटी के मुख्यालय सदाकत आश्रम में मनायी गयी





पटना। कांग्रेस दर्पण

भारत के पूर्व उप प्रधानमंत्री मंत्री एवं भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष स्व0 जगजीवन राम की 116 वीं जयन्ती आज प्रदेश कांग्रेस कमिटी के मुख्यालय सदाकत आश्रम में मनायी गयी। कार्यक्रम कि अध्यक्षता पूर्ब बिधायक प्रमोद कुमार सिंह ने की ।

इस अवसर पर बाबू जगजीवन राम के प्रति श्रद्धाँजलि अर्पित करते हुए अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के सचिव एवं बिहार प्रभारी अजय कपूर ने कहा कि जगजीवन बाबू विलक्षण प्रतिभा के धनी व्यक्ति थे। बाबू जगजीवन राम ने समतामूलक समाज की स्थापना के लिये अथक प्रयास किये। आज मैं बाबू जगजीवन राम के देश के नवनिर्माण में योगदान को स्मरण करता हूँ और उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि देता हूँ।

इस अवसर पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के सचिव एवं बिहार प्रभारी अजय कपूर, कांग्रेस विधान मंडल दल के नेता अजित शर्मा, मीडिया प्रभारी राजेश राठौड़, विधायक शकील अहमद खान, राजेश कुमार, आनन्द शंकर, संतोष कुमार मिश्र, नीतू कुमारी, विधान पाषर्द डा0 समीर कुमार सिंह, कंट्रोल रूम के इंचार्ज ब्रजेश पाण्डेय, पूर्व विधायक लाल बाबू लाल, सदस्यता प्रभारी ब्रजेश प्रसाद मुनन, आनन्द माधव, प्रवीण सिंह कुशवाहा, सौरभ सिन्हा, ज्ञान रंजन, नागेन्द्र कुमार विकल, कमलदेव नारायण शुक्ला, सेवादल के कार्यकारी मुख्य संगठक प्रो संजय कुमार, उदय शंकर पटेल, सुधा मिश्रा, मृणाल अनामय, विमलेश तिवारी, उमेश कुमार राम, राहुल पासवान, राजेन्द्र प्रसाद चैधरी, प्रदुम्न कुमार, निधि पाण्डेय, रवि गोल्डन, मंजीत आनन्द साहू, उर्मिला सिंह नीलू, शाहजाद नवी, रूमा सिंह, निरंजन कुमार, सत्य नारायण चैपाल, अखिलेश कुमार, मिट्ठू सिंह निषाद, अशोक कुमार, शम्स तवरेज मल्लिक ने बाबू जगजीवन राम के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धाँजलि अर्पित की।

**राजेश राठौड़, चैयरमैन मीडिया विभाग**
**बिहार कांग्रेस**

# डॉ. सी.पी जोशी साहब पाँच दिवसीय दोरे पर राजसमंद के नाथद्वारा विधानसभा क्षेत्र पहुँचे

पटना। कांग्रेस दर्पण

आज राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष एवं नाथद्वारा विधायक डॉ. सी.पी जोशी साहब पाँच दिवसीय दोरे पर राजसमंद के नाथद्वारा विधानसभा क्षेत्र पहुँचे विभिन्न पंचायतों का दोरा किया वापस जयपुर पधारें खमनोर के ग्राम पंचायत बागोल कोसीवाडा देलवाड़ा बामनहेड़ा रामपुर आकोंदडा सासेरा बामानिया कला नाथद्वारा नगर पालिका में पहुँच कर विभिन्न कामो का लोकार्पण किया विधायक मद, डीएमएफटी मद, पंचायत समिति मद से स्वीकृत विकास कार्य प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सी.सी.सड़क, नहर, चारदीवारी निर्माण, अन्न भंडारण गोदाम व अन्य कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया, कार्यक्रम में पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष देवकीनंदन गुर्जर, काका शाहब डेयरी जिला अध्यक्ष लच्छू जी गुर्जर, भेरूलाल जी वीरवाल प्रधान खमनोर, वैभव राज सिंह उप प्रधान खमनोर, जिला परिषद सदस्य पंचायत समिति सदस्य, विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण एवं शिलान्यास समारोह में शामिल हुआ।

जन कल्याण तथा क्षेत्र विकास के लिए पंचायत समिति देलवाड़ा में 10 करोड़ की राशि के विकास कार्य स्वीकृत किए गए जिसमें डामरीकरण सड़क, सीसी सड़क, पाइप लाइन विस्तार, सोलर पनघट, श्मशान घाट चारदीवारी, विद्यालय में नवीन कक्षा कक्षों का निर्माण, तालाब निर्माण, खेल मैदान समतलीकरण, सहकारी समिति भवन व अनाज गोदाम सहित विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास किया।



इस इस अवसर पर सभी समारोह में राज्य मंत्री ( श्रम कल्यान बोर्ड ) श्री जगदीश राज श्रीमाली, राजसमंद कांग्रेस जिलाध्यक्ष श्री हरि सिंह जी पूर्व जिला अध्यक्ष देवकीनंदन गुर्जर, रेलमगरा प्रधान आदित्यप्रताप सिंह, नाथद्वारा ब्लॉक अध्यक्ष शंकरलाल जाट, ज़िला काँग्रेस कमेटी ज़िला महासचिव किशन लाल गाडरी आज देलवाड़ा में विभिन्न विभाग के चल रहे विकास कार्यों में विद्यालय कक्षा कक्ष, पुस्तकालय, व्यायामशाला, खेल मैदान, स्नानघर, भील बस्ती व मेघवाल बस्ती में सी.सी.सड़क का निर्माण, एवं अन्य विकास कार्यों का लोकार्पण किया, कार्यक्रम में देलवाड़ा की सम्मानित जनता को संबोधित किया, इस अवसर पर देलवाड़ा प्रधान श्रीमती कसनी गमेती, उप प्रधान रामेश्वर खटीक, इस अवसर पर मन्दिर मण्डल मुख्य निष्पादन अधिकारी जितेंद्र कुमार ओझा जी, पालिकाध्यक्ष मनीष राठी जी, उपाध्यक्ष श्यामलाल गुर्जर जी नगर अध्यक्ष दिनेश जी जोशी सहित पार्षदगण व ब्लॉक कांग्रेस खमनोर अध्यक्ष केसर सिंह, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# कांग्रेसजनों ने बाबू जगजीवन राम को किया याद

## गरीबों, शोषितों और वंचितों के उत्थान के लिए बाबू जगजीवन राम जी ने आजीवन किया संघर्ष : शम्स शाहनवाज



पूर्व उप प्रधानमंत्री बाबू जगजीवन राम जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते प्रदेश प्रतिनिधि शम्स शाहनवाज व अन्य

**पटना । कांग्रेस दर्पण**

महान स्वतंत्रता सेनानी, सामाजिक न्याय के पुरोधा, गरीबों, शोषितों और वंचितों के उत्थान के लिए आजीवन समर्पित रहने वाले देश के पूर्व उप प्रधानमंत्री बाबू जगजीवन राम जी की जयंती पर कांग्रेसजनों ने उन्हें याद किया। जिला कांग्रेस कार्यालय ललित आश्रम में सीतामढ़ी कांग्रेस परिवार की ओर से प्रदेश प्रतिनिधि सह पूर्व युवा कांग्रेस अध्यक्ष शम्स शाहनवाज ने उनके चित्र पट्ट पर पुष्पांजलि कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया।

इस अवसर पर प्रदेश प्रतिनिधि शम्स शाहनवाज ने कहा कि बाबू जगजीवन राम जी ने गरीब, वंचित और शोषित समाज के हितों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए आजीवन संघर्ष किया। समाज के वंचित वर्गों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का उनका प्रयास हमारे लिए हमेशा प्रेरणा का स्त्रोत बना रहेगा।

प्रदेश प्रतिनिधि अफाक खान, रकटू प्रसाद, प्रमोद कुमार नील, संजय कुमार बिररख, रितेश रमण सिंह, राजीव कुमार काजू, बीरेंद्र राम, वीरेंद्र कुशवाहा, आलोक राठौर, मनोज सिंह, राहुल रमेश, राजीव कुशवाहा, अख्तर रजा खान, चुन्नु कुमार, दिलीप पांडे, श्याम कुमार, संजय कुमार, मुश्ताक सरवर, दिलकश खान, सर्वेश राय, बिमलेश कुमार, अरुण कुमार वर्मा, आनंद कुमार, शेख गुलाब आदि ने भी पुष्पांजलि कर बाबू जगजीवन राम जी को नमन किया।



जहानाबाद प्रखंड के सिकरिया पंचायत के कोडौना गांव मे काग्रेस के सत्रिय सदस्य रहे रामबालक बाबू के 30बरसिय पौत्र की अचानक मृत्य हो जाने के कारण दुखित परिवार से मुलाकात कर मृतक के आत्मा को भगवान अपने चरणो मे स्थान देने हेतु प्रार्थना की गई। पिडीत परिवार के साथ गोपाल शर्मा पूर्व जिला पार्षद एव बिहार प्रदेश डेलीगेट जहानाबाद। ।



राजस्थान प्रदेश राजीव गांधी ब्रिगेड कांग्रेस के जिला अध्यक्ष आबिद खान साहब यूडीएच मंत्री मान्यवर शांति कुमार धारीवाल जी के साथ जन संपर्क करते हुए मानवी श्री शांति कुमार धारीवाल जी इमानदार संघर्षशील को प्रगतिशील व्यक्ति हैं अब कोटा के अंदर ही नहीं बल्कि पूरे राजस्थान के अंदर धारीवाल जी के माध्यम से हम कांग्रेस का झंड घर–घर में लहरा देंगे

# लोकतंत्र का गला घोंट रही है मोदी सरकार - चंद्र प्रकाश सिंह

पटना । कांग्रेस दर्पण

मनेर, 04 मार्च - बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी एवं इंटक के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रप्रकाश सिंह ने आज जय भारत सत्याग्रह कार्यक्रम के अंतर्गत संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि देश में नरेंद्र मोदी की सरकार लोकतंत्र का गला घोंट रही है। सरकार की जनविरोधी नीतियों, मंहगाई एवं बेरोजगारी के विरुद्ध बोलने वालों की आवाज को दबाने के लिए ईडी, सीबीआई एवं इनकम टैक्स आदि जैसे संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग किया जा रहा है।

देश के मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस एवं उनके नेताओं को निशाना बनाया जा रहा है। मोदी -अडानी डील को लगातार संसद में उजागर करने एवं जेपीसी से जांच कराने की मांग उठाने के चलते आनन-फानन में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की संसद की सदस्यता समाप्त किया जाना लोकतंत्र की हत्या जैसी कार्रवाई है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जबाव देना होगा कि अडानी के कागजी कम्पनियों में 20 हज़ार करोड़ रुपए कहां से आए हैं।

श्री सिंह ने कहा कि देश में बढ़ती गरीबी, मंहगाई, बेरोजगारी एवं नफ़रत के विरुद्ध कांग्रेस गांव गांव तक जाएगी और भाजपा सरकार की विद्वेषपूर्ण नीतियों एवं कॉरपोरेट घरानों से सांठ-गांठ को जन-जन तक पहुंचाएंगी।

भाजपा सरकार की इन कायरता पूर्ण कारवाईयों से कांग्रेस डरने वाली नहीं है। देश में लोकतांत्रिक व्यवस्था एवं संविधान को बचाने की लड़ाई राहुल गांधी के नेतृत्व में लगातार जारी रहेगा।

संवाददाता सम्मेलन में कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष अरुण आर्य ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर कांग्रेस नेता सहदेव राय, सुबोध यादव एवं गौतम जी आदि भी उपस्थित थे।



अरुण आर्य प्रखंड अध्यक्ष

# कांग्रेस के मंडल अध्यक्ष बने प्रेम कुमार मिश्र और मो. नवाब



पटना । कांग्रेस दर्पण

बलिया प्रखंड कांग्रेस कार्यालय मे कांग्रेस कार्यकर्त्ताओ और नेताओं के बैठक मे सर्बसम्मती से बलिया उत्तरी मंडल के अध्यक्ष पद पर बरिष्ठ कांग्रेस नेता मोङ्ग नबाब और बलिया दक्षणी मंडल के अध्यक्ष पद पर निबर्तमान पेक्स अध्यक्ष प्रेम कुमार मिश्र का चयन क्या गया इन दोनों नेताओं के नाम का प्रशताव बलिया पिसीसी अध्यक्ष राकेश सिंह ने उपस्थित नेताओं और कार्यकर्त्ताओ के समक्ष रखा जिसे सभी लोगो ने स्वीकार की इसी के साथ बैठक मे प्रखंड कांग्रेस कार्यालय प्रभारी का प्रभार बरिष्ठ कांग्रेस नेता नबीन सिन्हा को दी गई है बैठक मे उपस्थित बिहार कांग्रेस कमिटी के डेलिगेट संजय सिंह रविंद्र सिंह ने नव चयनित कांग्रेस पदाधिकारी को बधाई देते हुए कहा इनके नेतृत्व मे कांग्रेस मजबूत होगी और साहेबपुर कमाल बिधानसभा मे कांग्रेस का आनेबाले दिनों मे परचम लहड़ेगा

इस मौके पर उपस्थित नेता बिधानसभा प्रभारी मोङ्ग इरशाद आलम साहेबपुर कमाल प्रखंड अध्यक्ष रेणु देवी डंडारी प्रखंड के पूर्व अध्यक्ष मिथलेश सिंह मोङ्ग दानिश नगर कांग्रेस अध्यक्ष मो. तारिक जिला सोसल मिडिया सेल के नेता कुशमेस सिंह मोहित सिंह मो अबुलास महिला कांग्रेस अध्यक्ष मंजू देवी बिधानसभा के यूबक कांग्रेस उपाध्यक्ष मोङ्ग जाकिर मो बाकिद अली धर्मदेव चौधरी जीतेन्द्र झा चंद्रशेखर पासबान अरुण गाँधी मोङ्ग शाहिद गंगा महतो फरोगुर रहमान ने मंडल अध्यक्ष प्रेम कुमार मिश्र मोङ्ग नवाव कार्यालय प्रभारी नबीन सिन्हा का माला पहनाकर स्वागत क्या

# देश में बाबूजी के नाम से चल रहे योजना को भी प्रधानमंत्री जी अपने नाम करवा लिए : कांग्रेस





पटना । कांग्रेस दर्पण

महान स्वतंत्रता सेनानी, देश के पूर्व उपप्रधानमंत्री बाबू जगजीवन राम जी की 115 वीं जयंती कांग्रेस पार्टी एवम् कांग्रेस सेवादल के संयुक्त तत्वावधान में स्थानीय चौक स्थित इंदिरा गांधी प्रतिमा स्थल प्रांगण में अवस्थित कांग्रेस सेवादल बोर्ड कार्यालय में मनाई गई। जयंती कार्यक्रम की अध्यक्षता बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह क्षेत्रीय प्रवक्ता प्रो विजय कुमार मिठू ने किया तथा संचालन कांग्रेस सेवादल के प्रदेश महासचिव अमरजीत कुमार ने किया। सर्वप्रथम बाबू जगजीवन राम जी के चित्र पर माल्यार्पण के पश्चात् उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तृत प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर उपस्थित वक्ताओं ने कहा की बिहार के मिट्टी के लाल बाबू जगजीवन राम देश के उपप्रधानमंत्री के साथ साथ केंद्र के कई महत्वपूर्ण विभागों के मंत्री के रूप में बेहतर काम किए, गया में सैन्य केंद्र की स्थापना सहित रेलवे में काफी विकास कराने का काम किए।

नेताओ ने कहा की आज मोदी सरकार उनके नाम पर वर्षो से चली आ रही बाबू जगजीवन राम छात्रावास योजना ( बी जे आर वाई सी ) का नाम बदल कर प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना ( पी एम ए जे ए वाई) करने से बिहारवासियों में काफी रोष है।

नेताओ ने कहा की केंद्र की मोदी सरकार इतिहास बनाने के बजाय मिटाने में मशगूल है, जिसके खिलाफ कांग्रेस पार्टी सभी विपक्षी दलों के साथ मिलकर आंदोलन करेगी।

जयंती कार्यक्रम को जिला उपाध्यक्ष राम प्रमोद सिंह, बाबूलाल प्रसाद सिंह, शिव कुमार चौरसिया, उदय शंकर पालित, दामोदर गोस्वामी, सोमनाथ पासवान, विनोद उपाध्याय, श्रवण पासवान, सुजीत कुमार गुप्ता, सुरेंद्र मांझी, सुनील कुमार राम, सुरेश कांत सहाय, जितेंद्र यादव, मो समद, असरफ इमाम, आदि ने संबोधित किया।


भवदीय, विजय कुमार मिठू

# गहलोत सरकार के प्रयास से चिकित्सा का अधिकार कानून धरातल पर लागू

**पटना।कांग्रेस दर्पण**

राजस्थान में काँग्रेस पार्टी नीत मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सरकार के प्रयास से चिकित्सा का अधिकार कानून धरातल पर लागू करने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। राज्य के निजी चिकित्सकों ने अपनी हड़ताल खत्म कर दी है, और यह स्वागतयोग्य कदम है। बहरहाल, राजस्थान अपने नागरिकों को चिकित्सा का कानूनी अधिकार देने वाला देश का पहला सूबा बन गया है। इसके लिए गहलोत सरकार की सराहना की जानी चाहिए, क्योंकि इस कानून का सबसे अधिक लाभ हाशिये के लोगों को होगा। वे न सिर्फ अब गंभीर बीमारियों के इलाज की आर्थिक चिंता से मुक्त हो सकेंगे, बल्कि इस कानून ने उन्हें सशक्त बना दिया है कि आपात स्थिति में अस्पताल या डॉक्टर उन्हें उपचार-पूर्व वैधानिक या वित्तीय औपचारिकता पूरी करने को बाध्य नहीं कर सकेंगे। यदि उनके पास उस वक्त पैसे न हो, तो राज्य सरकार बाद में उसकी भरपायी करेगी। इस कानून से वहां के लोगों के संविधान प्रदत्त जीने के अधिकार को मजबूत आधार मिलेगा। यकीनन, देश के अन्य सूबों की सरकारों को राजस्थान से सबक लेना चाहिए।

नए समझौते के मुताबिक, इस कानून के दायरे से वे निजी अस्पताल बाहर रहेंगे, जिन्होंने सरकार से किसी तरह की कोई रियायत नहीं ले रखी है। जाहिर है, मरीजों को सरकारी अस्पतालों के अलावा अब निजी-सार्वजनिक भागीदारी में चलने वाले अस्पतालों, मेडिकल कॉलेजों व सरकार से जमीन या इमारत बनाने में रियायत व माली मदद लेने वाले चिकित्सा संस्थानों में भी अब मुफ्त इलाज की सुविधा मिल जाएगी। राजस्थान देश के उन चंद सूबों में से एक है, जहां सार्वजनिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में कई अच्छी पहल हुई हैं। चाहे सभी मरीजों को मुफ्त दवा-जांच की सुविधा मुहैया कराने की योजनाएं हों या फिर प्रत्येक



परिवार को मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत 25 लाख रुपये तक के इलाज का आर्थिक संरक्षण, ये सुविधाएं लोक-कल्याणकारी राज्य की कसौटी पर खरी उतरती हैं। सरकार की मंशा कितनी भी अच्छी क्यों न हो, अगर उसकी नीतियों को लागू करने वाला तंत्र पारदर्शी और नेकनीयत न हो, तो अपेक्षित वर्ग को उसका लाभ नहीं मिल पाता। यह कोई ढकी-छिपी बात नहीं है कि कई निजी अस्पताल अमानवीय स्तर तक मरीजों का आर्थिक दोहन करते हैं और पीड़ित उचित फोरम पर इसकी शिकायत इसलिए नहीं करते कि दोहरा आर्थिक भार उठाने की उनकी हालत नहीं बचती। देश में, सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं पर कितना अधिक दबाव है व निजी क्षेत्र की इसमें कितनी अहम भूमिका है, यह हमने महामारी के दौरान देखा है। इसलिए निजी अस्पतालों के हितों का संरक्षण करते हुए भी उनकी स्वेच्छाचारिता पर अंकुश लगाने की जरूरत महसूस की जाती रही है। देश में स्वास्थ्य व शिक्षा के क्षेत्र में विषमता की जो खाई निरंतर गहरी होती जा रही है, उसे पाटने में शिक्षा और चिकित्सा का अधिकार जैसे कानून रामबाण साबित हो सकते हैं।

**लेखकः**
**इंजीनियर गौरव**
**बेगूसराय,बिहार**



# लोकतंत्र के आधार स्तंभों को अक्षुण्ण बनाये रखे सरकार



दिनांक 6/04/23 दिन बृहस्पतिवार को प्रदेश मुख्यालय सदाकत आश्रम में दोपहर 1:00 बजे बिहार प्रदेश युवा कांग्रेस के द्वारा पटना महानगर और पटना ग्रामीण जिला युवा कांग्रेस का संयुक्त प्रेस वार्ता है

इस प्रेस वार्ता का मुख्य उद्देश्य यंग इंडिया के बोल भाषण प्रतियोगिता का विमोचन करना है प्रेस वार्ता में यंग इंडिया के बोल कार्यक्रम मे प्रभारी रत्नेश मिश्रा जी, प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष शिव प्रकाश गरीबदास जी, प्रदेश कोऑर्डिनेटर अमित जी और जोनल प्रभारी विशाल कुमार यादव जी उपस्थित रहेंगे

अतः आपसे आग्रह है कि उक्त समय पर अपने कैमरा टीम और छायाकार को कल दिनांक 06अप्रैल 23 को 1:00 बजे दिन प्रदेश मुख्यालय सदाकत आश्रम में भेजने की कृपा करें

अमित कुमार

चेयरमैन मीडिया कम्युनिकेशन युवा कांग्रेस बिहार

**पटना।कांग्रेस दर्पण**

राहुल गांधी की सदस्यता तुरंत रद्द हो गई।

लेकिन लक्ष्यद्वीप के सांसद मोहम्मद फैजल के मामले में अदालत के आदेश पर 2 महीनों तक अमल नहीं हुआ। और सुनने में आ रहा है कि फैजल के सुप्रीम कोर्ट की ओर रुख करने की खबर से डरी मोदी सरकार उनकी सदस्यता वापस कर दी।

अभी हाल ही में सुप्रीम कोर्ट के फैसले के अनुसार आईटी एक्ट की धारा 66 ए को हटाने के लिए संसद में बिल पेश किया गया था।

तो उसी तर्ज पर सुप्रीम कोर्ट के 2013 के फैसले को लागू करने के लिए संसद से जनप्रतिनिधित्व कानून में बदलाव क्यों नहीं होना चाहिए......

हिडेनवर्ग रिपोर्ट में लगे संगीन आरोपों को जांच के बगैर खारिज नहीं किया जा सकता। तो फिर जेपीसी के गठन पर सत्तापक्ष को ऐतराज़ क्यों?

संसद की कार्यवाही में विपक्ष के हंगामे और गतिरोध को अनाधिकारिक मान्यता मिल चुकी है। बिना चर्चा के लोकसभा में 45 लाख करोड़ के बजट पारित हो गए।

यह संसदीय परंपरा का धज्जी उड़ाने जैसा प्रतीत होता है...

बेमौसम बारिश और ओलों से ग्रामीण अर्थव्यवस्था और किसानों की कमर टूटने की खबरों पर गोदी मीडिया में सन्नाटा दिखता है।

उसके बजाय टीवी चैनलों में सारस कथा और माफिया अतीक पर चर्चा जोरों की चलती रहती है। बुलडोजर बाबा की कहानी अंजना ॐ कश्यप,सुधीर चौधरी की जुबानी के सिवाय हकीकत पर फोकस नही किया जाता है।

यह मीडिया में बढ़ रही गिरावट को इंगित करता है।जिस पर अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति ओबामा भी इशारा कर चुके हैं।

अडानी मामले में भ्रस्टाचार के आरोपों पर जांच और जवाब के बजाय जन जन के नेता आदरणीय राहुल गाँधी की जुबान को बंद करने की कोशिश निंदनीय,कायराना है।

देश के 75 सालाना इतिहास में विपक्षी नेता से मांफी की आड़ में संसद की कार्यवाही में व्यवधान की गलत परंपरा शुरू हुई, जो भारत के लोकतंत्र को कलंकित करने में कोर कसर बाँकी ना रखा एनडीए.

**.....रणजीत कुमार मुखिया जी,पूर्व सचिव जिला कांग्रेस कमिटी बेगूसराय।**



# समाज को बांट कर देश एक सूत्र में नहीं रह सकता: राकेश राणा

संवाददाता ।कांग्रेस दर्पण

जय भारत सत्याग्रह यात्रा कार्यक्रम के तहत आज विधानसभा धनोल्टी के थोलधार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक कंडीसोड में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्रीपाल पँवार को अध्यक्षता में संपन्न हुई।

उपरोक्त बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व राज्य मंत्री प्रवीण सिंह भंडारी जिला कांग्रेस कमेटी टिहरी गढ़वाल के अध्यक्ष राकेश राणा मौजूद रहे ।

पूर्व राज्य मंत्री प्रवीण भंडारी ने कहा कि आज भाजपा देश में डर और भय का माहौल पैदा करना चाहती है लोगों को झूठ बोलकर गुमराह करके असल मुद्दों से ध्यान भटका ना चाहती है भाजपा ने आज बेरोजगार दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं महंगाई आसमान छू रही है और भाजपा धर्म संप्रदाय को लड़ाने का काम कर रही है।

जिला कांग्रेस के अध्यक्ष राकेश राणा ने कहा कि कांग्रेस जनों को डटकर भाजपा का मुकाबला करना होगा हमारे पास भाजपा की झूठ और फरेब की लंबी फेहरिस्त है कांग्रेस ने इस देश को सुई से लेकर सब्बल



तक कुदाल से लेकर कंप्यूटर तक पहुंचाने का काम किया और आज भाजपा झूठ में झूठ बोलकर लोकतंत्र को खत्म करना चाहती है ।

प्रदेश कांग्रेश के सदस्य जोत सिंह रावत और अखिलेश उनियाल ने कहा कि धनोल्टी विधानसभा का विकास ठप है यहां सिर्फ विधायक निधि की बंदरबांट हो रही है गांव में जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत करोड़ों रुपए का गबन हो रहा है और विधायक नदारद है।

ब्लॉक अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह रावत और दर्शन लाल नौटियाल ने कहा अब समय आ गया है कांग्रेस जनों को एक होकर सड़क से लेकर सदन तक भाजपा का मुंहतोड़ जवाब देना होगा।

महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती आशा रावत प्रदेश महामंत्री श्रीमती सुमेरी बिष्ट बिष्ट ने कहा कि जब से भाजपा आई है महंगाई आसमान छू रही है महिलाएं सुरक्षित नहीं है अंकिता भंडारी हत्याकांड की आज तक जांच नहीं हो पाई और जो वीआईपी था उसका नाम आज तक उजागर नहीं हुआ प्रदेश में माताएं बहने बेटियां असुरक्षित है गौरा देवी कन्या धन योजना के लिए बेटियां दर-दर की ठोकरें खा रही है ।

उपरोक्त कार्यक्रम में पूर्व राज्य मंत्री प्रवीण सिंह भंडारी जिला कांग्रेस के अध्यक्ष राकेश राणा महिला कांग्रेस अध्यक्ष आशा रावत प्रदेश महामंत्री सुमेरी बिष्ट छात्र नेता तनीषा रावत पीसीसी सदस्य जोध सिंह रावत अखिलेश उनियाल जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष सुमन सिंह गुसाईं महासचिव राजेश पुरसोड़ा ब्लॉक अध्यक्ष सूर्यपाल पवार अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह रावत दर्शन लाल नौटियाल पीसीसी सदस्य अखिलेश उनियाल ज्योति सिंह रावत गंभीर सिंह रावत विजय सिंह गुसाई दीपचंद सजवान देवेंद्र सिंह राणा प्रकाश बिष्ट शक्ति सिंह राणा विजय रावत छात्रसंघ अध्यक्ष सचिन अरविंद बरौली बुद्धि लाल प्रधान चमन लाल दिनेश चंद्र कुमाई सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन मौजूद थे।

# युवा कांग्रेस ने किया बक्सर जिला मे किया " यंग इंडिया के बोल सीजन - 3 " का विमोचन




पटना ।कांग्रेस दर्पण

बक्सर जिला युवा कांग्रेस मे जोनल इंचार्ज विशाल कुमार यादव की उपस्थिति में प्रदेश युवा कांग्रेस के निर्देश पर जिला युवा कांग्रेस द्वारा एक प्रेसवार्ता का आयोजन किया था जिसमे ₹ यंग इंडिया के बोल सीजन - 3 ₹ प्रतियोगिता का विमोचन किया गया। यंग इंडिया के बोल कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी द्वारा शुरू किया गया भारतीय युवा कांग्रेस का एक महत्वकांक्षी प्रोजेक्ट हैं जिसके तहत आम और सामान्य पृष्ठभूमि के प्रतिभाशाली युवाओं को राजनीतिक मंच मुहैया कराया जाता हैं। विशाल कुमार यादव ने बताया की जिस दौर में भाजपा नागरिकों की अभिव्यक्ति का आक्रमण कर रही हैं उस दौर में युवा कांग्रेस देश के युवाओं को बोलने का मंच प्रदान कर रही हैं। आम और सामान्य परिवार के युवाओं को राजनीति से जोड़कर सहभागी लोकतंत्र को मजबूत बनाना इस कार्यक्रम का मुख्य लक्ष्य हैं। पिछले दो सीजन की अभूतपूर्व सफलता के बाद अब हम तीसरा सीजन शुरू कर रहे हैं। आज देश महंगाई, बेरोजगारी, सार्वजनिक संपत्तियों की बिक्री, चीनी घुसपैठ, किसान समस्या, गिरती हुई अर्थव्यवस्था जैसे कई अन्य ज्वलंत मुद्दे हैं किंतु भाजपा सरकार इन असल मुद्दो से देश का ध्यान भ्रमित करने के लिए निरर्थक व उन्मादी मुद्दो को हवा देने का काम करती हैं ऐसे में इस प्रतियोगिता का सीजन - 3 भी देश के युवाओं की मुखर आवाज़ बनने का काम करेगा।

गरिमा उपस्थिति : बक्सर जिला युवा कांग्रेस के उपाध्यक्ष आलोक पासवान जी, जय प्रकाश उपाध्याय जी, अरविंद देवता पांडे, दीपू चौबे, पंकज कुशवाहा एवं अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे हैं


# युवा कांग्रेस ने किया भोजपुर जिला मे " यंग इंडिया के बोल सीजन - 3 " का विमोचन




पटना ।कांग्रेस दर्पण

भोजपुर जिला युवा कांग्रेस मे जोनल इंचार्ज विशाल कुमार यादव की उपस्थिति में प्रदेश युवा कांग्रेस के निर्देश पर जिला युवा कांग्रेस द्वारा एक प्रेसवार्ता का आयोजन किया था जिसमे ₹ यंग इंडिया के बोल सीजन - 3 ₹ प्रतियोगिता का विमोचन किया गया। यंग इंडिया के बोल कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी द्वारा शुरू किया गया भारतीय युवा कांग्रेस का एक महत्वकांक्षी प्रोजेक्ट हैं जिसके तहत आम और सामान्य पृष्ठभूमि के प्रतिभाशाली युवाओं को राजनीतिक मंच मुहैया कराया जाता हैं। विशाल कुमार यादव ने बताया की जिस दौर में भाजपा नागरिकों की अभिव्यक्ति का आक्रमण कर रही हैं उस दौर में युवा कांग्रेस देश के युवाओं को बोलने का मंच प्रदान कर रही हैं। आम और सामान्य परिवार के युवाओं को राजनीति से जोड़कर सहभागी लोकतंत्र को मजबूत बनाना इस कार्यक्रम का मुख्य लक्ष्य हैं। पिछले दो सीजन की अभूतपूर्व सफलता के बाद अब हम तीसरा सीजन शुरू कर रहे हैं। आज देश महंगाई, बेरोजगारी, सार्वजनिक संपत्तियों की बिक्री, चीनी घुसपैठ, किसान समस्या, गिरती हुई अर्थव्यवस्था जैसे कई अन्य ज्वलंत मुद्दे हैं किंतु भाजपा सरकार इन असल मुद्दो से देश का ध्यान भ्रमित करने के लिए निरर्थक व उन्मादी मुद्दो को हवा देने का काम करती हैं ऐसे में इस प्रतियोगिता का सीजन - 3 भी देश के युवाओं की मुखर आवाज़ बनने का काम करेगा।

गरिमा उपस्थिति : भोजपुर जिला युवा कांग्रेस के अध्यक्ष श्रीमती सुशीला देवी जी, ओबीसी कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव चंद्र पोला सिंह यादव जी समेत अन्य नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहे थे।




जगजीवन बाबू जी की जयंती पर उन्हें हिरदय से याद करने की जरूरत है। जगजीवन बाबू महान स्वतंत्रता सेनानी में से एक थे कि आजादी के समय राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के सहयोगी होने का मौका मिला। आज इस लिए भी जगजीवन बाबू को याद करने की जरूरत है कि कोंग्रेस पार्टी को मजबूत करने में जो उन्होंने योगदान दिया है जो भूलाया नहीं जा सकता है मैं सच्चे ह्रदय से उन्हें उनके जयंती पर श्रद्धा सुमन अर्पित करती हु?

मैं रेखा देवी पटेल
सदस्य बिहार प्रदेश कांग्रेस
पूर्व सदस्य ए आई सी सी
150बेलदौर विधानसभा
खगरीया, बिहार




आज वजीरगंज विधानसभा में पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी डॉक्टर शशि शेखर सिंह जी के नेतृत्व में गया जिला युवा कांग्रेस ने विशाल मसाल जुलूस मानपुर के भुसुंदा से मानपुर 6 लेन पुल तक निकाला ' इस जुलूस में वजीरंजन से सैकड़ों युवाओं ने हिस्सा लिया और नरेंद्र मोदी की तानाशाही और देश में महगाई, बेराजगारी, राहुल गांधी जी की सदस्यता समापत करने पर भारी विरोध प्रकट किया ' पूरा मानपुर बाजार मोदी –शाह मुर्दाबाद के नारों के साथ गूंज उठा ' 6 लेन पुल कर पहुंच कर मोदी–शाह और उनके चोर मित्र अदानी– अंबानी का पुतला दहन किया गया ' इस कार्यत्र्क्रम में गया जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष विशाल कुमार ने कहा कि जल्दी ही पूरे जिला के युवा बड़ी आंदोलन केंद्र की हिल्टर सरकार के विरोध में करेगी ' इस कार्यत्र्क्रम में पूर्व बिहार प्रदेश युवा कांग्रेस के महासचिव अमित कुमार सिंह जी, पूर्व गया जिला अध्यक्ष बिपिन बिहारी सिन्हा, मुन्ना मांझी, मोहमद गालिब, मोहित कुमार, अविनाश सिंह, रोशन यादव, अभिषेक श्रीवास्तव, मुजामिल, विकी कुमार, पिंटू सिंह, चिंटू लकी जीं,़. पिब्लिक स्कूल के डायरेक्टर धर्मसाही जी आदि मौजूद थे

## सुई से लेकर हवाई जहाज तक कांग्रेस राज में बनाए गए, भाजपा सरकार की उपलब्धि शून्य

**इंजीनियर मोहिउद्दीन खान**



आजाद भारत में कांग्रेस सरकार ने सुई से लेकर हवाई जहाज तक निर्माण किया है। एम्स से लेकर आईआईटी के निर्माण इंदिरा जी व राजीव गांधी सरकार की उपलब्धियों में शुमार हैं। किसानों व कृषि क्षेत्र के लिए यूपीए सरकार की कई योजनाओं का लाभ देश के किसानों को मिला है। भाजपा की उपलब्धियां शून्य हैं उनके पास देश को बांटने के अलावा और कुछ नहीं है देश के किसान पक्की सड़क, सिंचाई के लिए बिजली व पानी मांग रहे हैं। उनको फसलों की बाजिव समर्थन मूल्य पाने के लिए तरस रहे हैं।मोदी सरकार के कार्यकाल में देश में एक बड़ा अस्पताल नहीं बनवाया जा सका। इससे पता चलता है कि भाजपा सरकार विकास की थोथी बातें कर लोगों को झांसा दे रही है।केन्द्र की मोदी सरकार दूसरी बार सत्ता में है लेकिन हर साल दो करोड़ बेरोजगारों को नौकरी देने का वादा अब तक पूरा नहीं कर सकी है। देश की सीमाओं पर भारत बजूद कमजोर बना हुआ है। विदेशों से कर्जा लेने के कारण देश के हर नागरिक के सिर पर हजारों रुपए का परोक्ष कर बकाया होता जा रहा है। भाजपा सरकार पूंजीपतियों के साथ मिलकर गरीब जनता को लूट रही है। भाजपा ने जनता के साथ छलावा किया है। जनता इसका जवाब आने वाले विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव में भाजपा को देगी।



आज हाजीपुर न्यायालय परिसर मे पूर्व उप प्रधानमंत्री बाबू जगजीवन राम जी की जयंती बिहार प्रदेश कांग्रेस विधि एवं मानवाधिकार प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष अधिवक्ता मुकेश रंजन जी की अध्यक्षता मे मनाई गई। इसमे अन्य अधिवक्ता, समाजिक कार्यकर्ता और गणमान्य लोग उपस्थित हुए। अधिवक्ता मुकेश रंजन ने कहा जगजीवन बाबू आजीवन गरीब और वंचितो के हित की बात करते थे।

## अनुपम शर्मा को पुनः सोशल मीडिया विभाग का स्टेट कॉर्डिनेटर नियुक्त किये जाने पर समर्थको में खुशी की लहर।




**पटना।कांग्रेस दर्पण**

एआईसीसी के महासचिव के सी वेणुगोपाल के आदेशानुसार राजस्थान कांग्रेस के सोशल मीडिया विभाग में स्टेट चेयरमैन एंव स्टेट कार्डिनेटर अनुपम शर्मा को पुनः सोशल मीडिया विभाग का स्टेट कॉर्डिनेटर नियुक्त किये जाने पर समर्थको में खुशी की लहर। सोशल मीडिया विभाग शहर जिला कांग्रेस कमेटी अजमेर के अध्यक्ष पीयूष सुराणा ने बताया की प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के अनुसंशा पर प्रदेश कॉर्डिनेटर एंव स्टेट कार्डिनेटर की नियुक्ति की गई। एआईसीसी द्वारा राजस्थान कांग्रेस के सोशल मीडिया विभाग में स्टेट चेयरमैन एंव स्टेट कार्डिनेटर नियुक्त किए गए जिसमे चेयरमेन सुमित भगासरा व अनुपम शर्मा, प्रतीक सिंह, विक्रम स्वामी, संजीव राजपुरोहित व रंजना साहू को स्टेट कार्डिनेटर बनाए गए। आप सभी उम्मीद पर खड़े उतरेंगे और कांग्रेस पार्टी के हित में सोशल मीडिया को मजबूत करेंगे। सोशल मीडिया विभाग शहर जिला कांग्रेस कमेटी अजमेर अध्यक्ष पीयूष सुराणा, देहात सोशल मीडिया अध्यक्ष प्रेम सिंह गौड़, जितेंद्र कुमार चौधरी, मुकेश सबलानिया, चंद्रेश सुनिया, चिलतेश बंसल, गौरव झालीवाल, महेंद्र कुमार जोशी, आरीफ खान, नरेश सोलीवाल, कमल कृपलानी, अशोक सुकरिया, चंद्रप्रकाश चौरसिया, गुरप्रीत सिंह, आनंद माथुर, श्रेयांस सुराणा, रवि कुमार, राकेश पंवार, प्रमोद चौहान, ने सभी को बधाई एवम शुभकामनाए दी।

# मोदी सरकार का हर काम, मित्र के नाम

पटना । कांग्रेस दर्पण

मित्रों को देश लूटने की छूट देने वाली इखढ सरकार की करतूतों से जैसे–जैसे पर्दा हट रहा है, वैसे–वैसे उसके भ्रष्टाचारी चरित्र से देश की जनता परिचित हो रही है। सत्यवादी हरिश्चंद्र का इकलौता वारिस होने का दिखावा करने वाली सरकार असलियत में नाक तक झूठ और भ्रष्टाचार की गंदगी में डूबी है।

अडानी को बचाने के लिए हर कुकर्म करने पर उतारू सरकार की 'अडानी–प्रेम' की एक और नई झलक देश के सामने है।

मामला ये है कि, बीते दिनों मोदी सरकार ने नियम–कानून को ठेंगा दिखाते हुए अडानी को चार कोयला खदानें औने–पौने कीमत पर दे दी है।

नियम के मुताबिक, किसी कोयला खदान के आवंटन में कम से कम दो अलग–अलग कंपनियों को बोली लगाना होता है। लेकिन बात प्रधानमंत्री के मित्र की थी, इसलिए नियमों का पालन नहीं किया गया। यहां पहली कंपनी अडानी की थी, तो दूसरी कंपनी भी उन्हीं से जुड़ी हुई थी। जुड़ी हुई कंपनी कैविल माइनिंग, एडिकार्प इंटरप्राइजेज नाम की अन्य कंपनी की प्रमोटर है, जिस पर अडानी की कंपनी के साथ मिलकर जालसाजी करने का आरोप है। कैविल माइनिंग और एडिकार्प इंटरप्राइजेज गुजरात में एक ही पते पर रजिस्टर्ड हैं और इनका प्रमोटर अडानी का पुराना मित्र है। वैसे भी, अडानी और प्रधानमंत्री की मित्रता देश पर किस तरह भारी पड़ रही है, यह पूरा देश देख रहा है। सरकार जनता को जमकर लूट रही है और प्रधानमंत्री के मित्र देश को ....। सरकार पूरे दल–बल के साथ अपने लुटेरे मित्रों के साथ खड़ी है। आप खुद तय कर लीजिए, देश को लूटने वाले देशभक्त हैं या लूट के खिलाफ लड़ने वाले ?




श्वेत क्रांति के भारत में, जहां कहा जाता था, दूध की नदियां बहती हैं, वहां बीते एक साल में दूध की कीमत 15% बढ़ गई है। इस कारण से हर तीन में से एक गृहस्थी ने दूध का इस्तेमाल करना कम कर दिया है। ये सरकार महंगाई को नकारती जा रही है, और महंगाई आम जन जीवन को नर्क बना रही है।

पिछले वित्तीय वर्ष में दूध उत्पादन में 1% की वृद्धि होने का अनुमान है, जबकि पिछले 10 सालों में लगभग 6% की औसत से वार्षिक वृद्धि हुई थी। महंगाई से इस सरकार ने अर्थव्यस्था की कमर तोड़ दी है, और साथ में करोड़ों भारतीयों की उम्मीदें।

एक तो बेरोज़गारी अपनी चरम पर है, ऊपर से महंगाई, आम इंसान करे तो क्या करे। खाने पीने की चीज़ों की बेतहाशा बढ़ती क़ीमतें, पेट्रोल, डीज़ल और गैस के आसमान छूते दाम, ग़रीबों का रहना, खाना और सड़कों पर निकलना तक मुश्किल कर दिया है। सरकार सवालों से मुंह फेर कर बैठी है, ग़रीब और मध्यम वर्गीय परिवारों की परेशानियों से आंखें मूंद कर बैठी है।

ये सरकार आम भारतीय की है भी तो नहीं। ऐसे ही इन्हें नाम नहीं मिला – सूट बूट की सरकार।

-राहुल गांधी







अखिल भारतीय कांग्रेस सेवादल
अध्यक्ष के रूप में गौरवशाली 5 वर्ष
पूरा करने पर आदरणीय श्री लालजी देसाई जी
आपको हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं.

**डॉ. संजय कुमार**
प्रदेश अध्यक्ष
कॉंग्रेस सेवा दल, बिहार

